मृत्यु

मृत्यु कष्ट देने वाला विषय हो सकती है, परन्तु इसका सामना करना आवश्यक है। मैंने एक आदमी के बारे में सुना जो अपने सामने मृत्यु का नाम नहीं लेने देता था। उसने इसके किसी भी सुझाव से किसी भी प्रकार के सम्पर्क से बचने का प्रयास किया, परन्तु वह मरने से बच न सका। मृत्यु को सपना बनाने वाली इतनी कविताओं और गीतों के लिखे जाने के बावजूद भी यह एक डंक की तरह है। यह एक भयानक सच्चाई है। हम इसके सम्पर्क से बच नहीं सकते। यह हमारे अस्तित्व पर लिखी गई है। अपने इस अध्ययन को शारीरिक मृत्यु के विषय तक सीमित रखने के बजाय, हम ध्यान देंगे कि पवित्र शास्त्र में इस शब्द का व्यापक महत्व है।

एक बार सबकी मृत्यु हुई है

एक बार सब लोग मरे हैं। वे कब और कैसे मरे? जब कोई पापी बनता है, तो परमेश्वर की दृष्टि में वह खोया हुआ बन जाता है। पाप से मृत्यु आती है (याकूब 1:15)। पाप में जीवन बिताने का अर्थ है मरना (1 तीमुथियुस 5:6)। सब लोगों ने पाप किया है (रोमियों 3:23), इसलिए इस अर्थ में सबकी मृत्यु हुई है।

निश्चय ही, इसमें नवजात शिशु या छोटे बच्चे शामिल नहीं हैं, परन्तु यह प्रत्येक उस व्यक्ति के लिए लागू होता है जो जिम्मेदार है और अपने कार्यों के लिए जवाबदेह है। कुछ लोगों की शिक्षा है कि शिशुओं का जन्म पाप में होता है। बाइबल यह नहीं सिखाती है। लिखा है, ''जो प्राणी पाप करे वही मर जाएगा'' (यहेजकेल 18:4)।

बाइबल में मिलने वाली पाप की परिभाषा (1 यूहन्ना 3:4; याकूब 4:17) से पता चलता है कि पाप कुछ ऐसा है जिसे हम करते हैं या करने में असफल होते हैं अर्थात मीरास में मिलने वाली कोई वस्तु नहीं है। मैं किसी विशेष आयु को निर्धारित करने का प्रयास नहीं करूंगा कि मृत्यु कब होती है क्योंकि बाइबल इसकी कोई आयु निर्धारित नहीं करती है। बिना किसी संदेह के, यह अलग-अलग मामलों में अलग-अलग आयु में होती है।

इसे मृत्यु क्यों कहा जाता है? क्योंकि प्राण परमेश्वर से अलग हो जाता है और दण्ड की स्थिति में रहता है। इसे आत्मिक जीवन अर्थात परमेश्वर के साथ मेल से दूर कर दिया जाता है। परमेश्वर की प्रेरणा प्राप्त लेखकों के बहुत से कथन अब स्पष्ट हो जाते हैं। पौलुस

ने इफिसुस में रहने वाले मसीही लोगों को बताया था कि वे पाप में मुर्दा थे (इफिसियों 2:1)। यही बात उसने कुलुस्से के लोगों से कही थी (कुलुस्सियों 2:13)। यूहन्ना ने कहा था कि मसीही लोग मृत्यु से पार जीवन के पास आए हैं (1 यूहन्ना 3:14)। इससे यह भी स्पष्ट हो जाता है कि आदम और हव्वा फल खाने के दिन ही कैसे मर गए थे। जब हम आत्मिक मृत्यु की धारणा को समझ जाते हैं तो यीशु की कही आश्चर्यजनक बात की हमें समझ आने लगती है ''मैं तुम से सच सच कहता हूं, वह समय आता है, और अब है, जिस में मृतक परमेश्वर के पुत्र का शब्द सुनेंगे, और जो सुनेंगे वे जीएंगे'' (यूहन्ना 5:25)।

एक व्यक्ति जो पाप में मुर्दा था अपने एक मित्र के पास जा रहा था जो शारीरिक रूप में मर रहा था। मिलने के लिए जाने वाला व्यक्ति बड़ी सहानुभूति दिखा रहा था परन्तु जो मर रहा था वह एक विश्वासी मसीही था। वास्तव में, मसीही व्यक्ति उस पर तरस खाने वाले व्यक्ति से कहीं बेहतर स्थिति में था।

कई लोग दो बार मरे हैं

हम में से जो लोग मसीही बन गए हैं वे मसीही बनकर मर गए हैं। जबकि पहली मृत्यु पाप *में* थी, परन्तु अब हम पाप *के लिए* मर कर मसीही बने हैं। पौलुस ने कहा है, ''क्योंकि तुम तो मर गए'' (कुलुस्सियों 3:3)। रोमियों 6:3, 4 में अद्‌भुत शब्दों को याद कीजिए, जहां पौलुस ने रोम के मसीहियों को दिखाया कि वे पाप में क्यों नहीं लगे रह सकते। उसने उन्हें पिछला वह समय याद दिलाया जब वे परमेश्वर की संतान बने थे। उसने कहा कि बपतिस्मा लेने से वे मसीह की मृत्यु में गाड़े गए थे और फिर नये जीवन के लिए जी उठे थे। निश्चय ही यह दिखाता है कि नया जीवन बपतिस्मे से पहले नहीं आता, परन्तु इसे मृत्यु क्यों कहा गया है? क्योंकि परमेश्वर के बालक बनकर, हम अपने आपको पाप के अपने पुराने जीवनों से दूर कर लेते हैं। पुराने मनुष्य को क्रूस पर चढ़ा दिया जाता है।

शारीरिक रूप में सब मरेंगे

''मनुष्यों के लिए एक बार मरना और उसके बाद न्याय का होना नियुक्त है'' (इब्रानियों 9:27); ''आदम में सब मरते हैं'' (1 कुरिन्थियों 15:22)। यही वह शारीरिक मृत्यु है जो उस समय होती है जब आत्मा शरीर को छोड़कर चली जाती है। ''देह आत्मा बिना मरी हुई है'' (याकूब 2:26)।

बहुत से लोगों के लिए यह समझना कठिन लगता है कि मृत्यु का दण्ड प्रत्येक मनुष्य पर है और शीघ्र ही इसे क्रियान्वित कर दिया जाएगा। जीवन की संक्षिप्तता और मृत्यु की निश्चितता के लिए हमें प्रभावित करने के लिए बाइबल बहुत से अलंकारों का इस्तेमाल करती है। ''हमारी आयु के वर्ष सत्तर तो होते हैं, और चाहे बल के कारण अस्सी वर्ष भी हो जाएं, तौभी उसका घमण्ड केवल कष्ट और शोक ही शोक है; क्योंकि वह जल्दी कट जाती है, और हम जाते रहते हैं'' (भजन संहिता 90:10)। थोड़े ही समय में, हम में से हर कोई उस नींद में सो जाएगा जिसमें मृतक सोते हैं और उन्हें भुला दिया जाता है। वह अदृश्य दूसरा

संसार अधिक दूर नहीं है। मांस का एक पतला सा पर्दा ही हमें अलग कर देता है। एक पल में, आंख के झपकते ही हम वहां होंगे। एक दिन मसीह इस शत्रु का नाश कर देगा (1 कुरिन्थियों 15:26), परन्तु तब तक सब मनुष्यों के लिए शारीरिक रूप में मरना आवश्यक है।

कई लोग ''दूसरी मृत्यु'' का सामना करेंगे

अन्तिम मृत्यु जिसकी हमें चर्चा करनी चाहिए पवित्र शास्त्र में उसे ''दूसरी मृत्यु'' (प्रकाशितवाक्य 20:14; 21:8) कहा गया है। यह अनन्त मृत्यु है। इसे मृत्यु क्यों कहा गया है? यहां भी अलग होने का विचार है अर्थात नाश हुए लोग सदा-सदा के लिए परमेश्वर और अनन्त जीवन से अलग कर दिए जाएंगे। इस मृत्यु से, कोई पुनरुत्थान नहीं होगा। यह एक जीवित मृत्यु अर्थात मर रहा जीवन होगा। जिन्होंने मसीह की बात नहीं मानी उन्हें अनन्त अस्तित्व मिलेगा परन्तु अनन्त जीवन नहीं। जीवन का अर्थ परमेश्वर के साथ मेल है।

सारांश

यीशु के पास मृत्यु तथा अधोलोक की कुंजियां हैं (प्रकाशितवाक्य 1:18)। उसने मृत्यु पर विजय पा ली है और उसे इस पर अधिकार है। उसके पास कुंजियां हैं। मैं जेलों में गया हूं, परन्तु जब तक मैं उस आदमी के साथ चलता था जिसके पास कुंजियां हैं, मुझे किसी प्रकार का कोई भय नहीं था। यीशु ने यूहन्ना से कहा था, ''देख ... कुंजियां मेरे ही पास हैं।'' उसके साथ चलना जिसके पास मृत्यु और अधोलोक की कुंजियां हैं, डर को मिटा देता है। यदि यीशु हमारा मित्र है और हम उसके वफ़ादार हैं तो हमें भय करने की कोई आवश्यकता नहीं है चाहे हम ''घोर अंधकार से भरी हुई तराई में होकर'' (भजन संहिता 23:4) ही क्यों न चलें। उसके सोंटे और लाठी और कुंजियों से हमें सांत्वना मिलती है।